भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3053

जिसका उत्तर 19 मार्च, 2025 को दिया जाना है

28 फाल्गुन, 1946 (शक)

एनआईईएलआईटी की स्थापना

3053. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

श्री तंगेला उदय श्रीनिवास:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में संचालित राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईईएलआईटी) की राज्यवार, विशेषकर आंध्र प्रदेश में कुल संख्या कितनी है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान एनआईईएलआईटी से विशेष रूप से सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती प्रौद्योगिकियों में पाठ्यक्रम, डिप्लोमा और प्रमाणन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या संस्थानवान कितनी है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान एनआईईएलआईटी-वार प्रस्तावित, चल रही और पूर्ण की गई कुल अनुसंधान परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान एनआईईएलआईटी-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई; और

(ड.) क्या सरकार का विचार देश भर में एनआईईएलआईटी की संख्या बढ़ाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क): इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अधीन एक स्वायत्त वैज्ञानिक सोसायटी, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) की स्थापना सूचना, इलेक्ट्रॉनिकी और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास और संबंधित गतिविधियों को करने के लिए की गई थी। वर्तमान में, पूरे देश में 55 नाइलिट केन्द्र कार्य कर रहे हैं जिनमें आंध्र प्रदेश राज्य के तिरुपति में स्थित एक केन्द्र शामिल है। इसके अतिरिक्त, नाइलिट के आंध्र प्रदेश राज्य में 38 सुविधा केन्द्र और 1 प्रत्यायित संस्थान भी हैं। नाइलिट केन्द्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ख): नाइलिट ने पिछले पांच वर्षों में नाइलिट केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न डिग्री/डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों (दीर्घावधि एवं अल्पावधि) के अंतर्गत कुल 6,45,344 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया है। केन्द्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग): नाइलिट ने पिछले पांच वर्षों में 07 अनुसंधान परियोजनाएं आरंभ की हैं, जिनमें से 02 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 05 चल रही हैं। इन परियोजनाओं का केन्द्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया **है**।

(घ): एमईआईटीवाई नाइलिट को कोर अनुदान प्रदान नहीं करता है। तथापि, मंत्रालय विभिन्न चालू परियोजनाओं के अंतर्गत नाइलिट का वित्तपोषण कर रहा है। आबंटित, जारी और उपयोग की गयी निधियों का ब्यौरा **अनुबंध-IV में दिया गया है**।

(ङ): इलेक्ट्रॉनिकी और संचार प्रौद्योगिकी (ईआईसीटी) क्षेत्र में कौशल विकास में वृद्धि करने तथा विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए देश भर में नाइलिट केन्द्रों की संख्या बढ़ाने के लिए एमईआईटीवाई नाइलिट की सहायता करता है। पिछले पांच वर्षों में स्थापित/स्थापित नए नाइलिट केंद्रों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वर्ष	**नाइलिट केन्द्र (स्थान)**
2019-20	कारगिल
2020-21	दीमापुर, दमन
2022-23	बक्सर, मुजफ्फरपुर, पूर्वी दिल्ली, दक्षिण पश्चिम दिल्ली
2023-24	नोएडा, बीकानेर, हैदराबाद
2024-25	तिरुपति, बालासोर, पीलीभीत

****

अनुबंध- I

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रचालनरत नाइलिट केन्द्र

क्र.सं.	राज्य	नाइलिट केंद्रों की संख्या
1	**आंध्र प्रदेश**	1
2	अरुणाचल प्रदेश	3
3	असम	7
4	बिहार	3
5	चंडीगढ़	1
6	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	1
7	दिल्ली	3
8	हरियाणा	1
9	हिमाचल प्रदेश	2
10	जम्मू और कश्मीर	2
11	झारखंड	1
12	केरल	1
13	महाराष्ट्र	1
14	मणिपुर	3
15	मेघालय	2
16	मिजोरम	2
17	नागालैंड	3
18	ओडिशा	2
19	पंजाब	1
20	राजस्थान	3
21	सिक्किम	1
22	तमिलनाडु	1
23	तेलंगाना	1
24	त्रिपुरा	1
25	केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख	2
26	उत्तर प्रदेश	4
27	उत्तराखंड	1
28	पश्चिम बंगाल	1
केंद्रों की कुल संख्या		**55**

****

अनुबंध- II

वित्तीय वर्ष में नाइलिट केन्द्रों के माध्यम से डिग्री/डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों (दीर्घावधि और अल्पावधि) में प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का ब्यौरा

क्रम संख्या	नाइलिट केन्द्र	2019-2020	2020-2021	2021-2022	2022-2023	2023-2024
1	अगरतला	3219	1965	1551	11257	11935
2	आइजोल	811	1928	431	17331	7576
3	अजमेर	125	680	707	1453	1986
4	औरंगाबाद	3003	3147	909	16628	10075
5	भुवनेश्वर	50	194	283	4501	2717
6	कालीकट	1310	4293	6017	8980	31193
7	रोपड़	17946	44304	46422	34693	32117
8	चेन्नई	853	2586	1773	1831	3577
9	कोहिमा और विस्तार केंद्र (ईसी)	1385	203	501	2766	2172
10	दमन				160	897
11	दिल्ली	1409	1680	1998	3016	3947
12	गंगटोक	130	407	600	4248	6819
13	गोरखपुर और ईसी	2115	3377	3701	8083	19203
14	गुवाहाटी	2171	4756	10161	28391	29306
15	हरिद्वार	326	1996	3450	3833	5737
16	इम्फाल और ईसी	3853	2848	4128	14249	14332
17	ईटानगर और ईसी	495	379	560	803	1263
18	कोलकाता	3330	445	2175	1546	1827
19	कुरुक्षेत्र	312	561	153	1648	2733
20	लेह		1110	401	3462	4764
21	पटना	9942	3472	5148	6529	6021
22	रांची	190	559	1093	2272	3124
23	शिलांग और ईसी	321	111	239	10207	4462
24	शिमला	933	948	1053	1219	1062
25	श्रीनगर और जम्मू	2744	1811	5596	2592	5018
	कुल	**56973**	**83760**	**99050**	**191698**	**213863**

****

नाइलिट केन्द्र-वार चल रही तथा पूर्ण हो चुकी अनुसंधान परियोजनाओं का ब्यौरा

क्रम सं.	परियोजना का शीर्षक	कार्यान्वयन केंद्र	अवधि	टिप्पणियां
1.	"एनेस्थीसिया (डीओए) निगरानी प्रणाली की ईईजी आधारित वास्तविक समय गहराई का डिजाइन और विकास"	नाइलिट इम्फाल	मार्च 2022 से मार्च 2025	सतत
2.	आईओटी सक्षम हेल्थकेयर अनुप्रयोगों के लिए अल्ट्रा लो पावर शक्ति रिस्क वी आधारित लाइटवेट एज एआई प्रोसेसर	नाइलिट औरंगाबाद	जनवरी 2024 से जनवरी 2029	सतत
3.	चिकित्सा इमेजिंग के लिए अल्ट्रासोनिक ट्रांसड्यूसर जांच के विकास और डिजाइन	नाइलिट कालीकट	अगस्त 2021 से फरवरी 2025	सतत
4.	स्वदेशी स्काईगार्ड: आईओटी- सक्षम ड्रोन निगरानी के साथ दूरस्थ समुदायों को सशक्त बनाना	नाइलिट कालीकट	जुलाई 2022 से जुलाई 2027	सतत
5.	कुशल जनशक्ति अग्रिम अनुसंधान और प्रशिक्षण लैब (स्मार्ट लैब)	नाइलिट कालीकट	दिसंबर 2021 से दिसंबर 2026	सतत
6.	पीएनडीटी अनुपालन के साथ स्वदेशी कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड स्कैनर।	नाइलिट कालीकट	सितंबर 2015 से नवंबर 2019	पूर्ण किया
7.	एएसआईसी और पानी के नीचे ध्वनिक / मेडिकल अल्ट्रासाउंड इमेजिंग सिस्टम बोर्ड का डिजाइन और विकास	नाइलिट कालीकट	2015 से 2021	पूर्ण किया

पिछले पांच वर्षों के दौरान नाइलिट द्वारा आबंटित, जारी और उपयोग की गई कुल निधियां:

अनुदान का वर्ष	आवंटित और जारी अनुदान की राशि	उपयोग की गई अनुदान राशि
2019-20	1,45,06,48,222/-	1,32,09,19,799/-
2020-21	49,16,71,443/-	46,58,61,982/-
2021-22	1,39,28,10,176/-	1,03,31,90,035/-
2022-23	6,44,25,100/-	3,30,96,198/-
2023-24	1,45,38,07,249/-	1,24,62,84,497/-

****